आइआइएम में ईएमबीए-03 बैच का हुआ शुभारंभ, 24 प्रतिभागी बने हिस्सा

- निदेशक प्रो. राममूर्ति ने चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए प्रेरित किया
- दो अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी सिंगापुर और सउदी अरब से भी पहुंचे

जासं, अमृतसरः इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट (आइआइएम) की ओर से ईएमबीए-03 बैच का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में निदेशक प्रो. नागराजन राममूर्ति, डीन अकादमिक प्रो. महिमा गुप्ता, चेयरपर्सन ईएमबीए प्रो. मुकेश कुमार विशेष रूप से हाजिर रहे। बैच में 24 प्रतिभागी शामिल हैं और इसमें वे विशेष रूप से बीटेक स्ट्रीम के हैं।

इस बैच में दो अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी एक सिंगापुर और एक सउदी अरब से शामिल है। निदेशक प्रो. नागराजन राममूर्ति ने प्रतिभागियों को भविष्य की चुनौतियों से अवगत करवाते हुए उनका डटकर सामना करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने प्रतिभागियों को समय की महत्ता बताई और पूर्व विद्यार्थियों से समन्वय से आगे बढ़ने की अपील की। आइपीजी मीडिया ब्रांड्स के सीईओ इंडिया शशिधर सिन्हा ने प्रतिभागियों को इंजीनियरिंग और प्रबंधन दृष्टिकोण के बीच अंतर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जहां इंजीनियरिंग अकसर किसी समस्या का एक ही समाधान खोजती है, वहीं प्रबंधन शिक्षा सहिष्णुता और कई समाधानों को पेश करती है। ईएमबीए के पूर्व छात्र और पहले बैच के सदस्य राकेश मगोत्रा ने अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा किया। इस बैच के प्रतिभागी प्रसिद्ध वैश्विक और भारतीय संस्थानों जैसे सैप लैब्स, हनीवेल, काग्निजेंट, एचसीएल, पीडब्ल्यूसी, एक्सेंचर, टाटा कैंसर रिसर्च मेमोरियल इंस्टीट्यूट आदि से जुड़े हुए हैं।

आइआइएम में ईएमबीए के नए सत्र की शुरुआत के दौरान निदेशक प्रो. नागराजन राममूर्ति (पिछली पंक्ति में बाएं से पांचवें), उनके दाएं चेयरपर्सन ईएमबीए मुकेश कुमार और साथ दाईं तरफ खड़ी डीन अकादमिक महिमा गुप्ता ●सौ आइआइएम

भारतीय प्रबंध संस्थान अमृतसर
पुस्तकालय
LIBRARY
Indian Institute of Management, Amritsar